राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओ.टी.एस. पुलिया के सामने, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2701596 E-mail: rajssaquality@gmail.com

क्रमांक : रास्कूशिप/गुणवत्ता शिक्षा/विद्यालय अवलोकन/2018–19/ 11941 दिनांक : 12/2/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय – विद्यालय अवलोकन कार्यक्रम के दौरान शाला सिद्धि अंतर्गत डैशबोर्ड एवं अन्य साक्ष्यों को प्रस्तुत करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2018–19 में राज्य के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक/माध्यमिक/उच्च प्राथमिक/प्राथमिक विद्यालयों के अवलोकन हेतु संभाग/जिला/ब्लॉक स्तर, पीईईओ एवं अन्य अधिकारियों के लिए प्रतिमाह के मानदण्ड निर्धारित कर विद्यालय अवलोकन प्रपत्र अपलोड करने हेतु आदेशित किया गया है। इस क्रम में समस्त विद्यालयों हेतु विद्यालय अवलोकन प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड़ करने हेतु मॉड्यूल शाला दर्पण पोर्टल पर प्रारम्भ किया गया है। समस्त विद्यालयों के अवलोकन हेतु विकसित किये गये नवीनतम प्रपत्र में अवलोकनकर्ता अधिकारी द्वारा विद्यालय विकास योजना (विद्यालय उन्नयन) की समीक्षा शाला सिद्धि के 7 आयामों एवं 46 मानकों के आधार पर की जायेगी। प्रत्येक अवलोकनकर्ता अधिकारी द्वारा विद्यालय अवलोकन के दौरान संस्थाप्रधान से शाला सिद्धि के सातों आयामों में सबसे अधिक प्राथमिकता वाले मानक की जानकारी ली जावेगी।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि समस्त विद्यालयों के संस्थाप्रधान/पीईईओ को शाला सिद्धि स्वमूल्यांकन सत्र 2018–19 अंतर्गत भरे गये डैशबोर्ड एवं अन्य साक्ष्यों को हार्ड कॉपी में प्रिन्ट निकालकर संधारण करने हेतु आदेशित करें, ताकि अवलोकनकर्ता अधिकारी उक्त हार्ड कॉपी से चाही गई सूचना विद्यालय अवलोकन प्रपत्र पर दर्ज की जा सके।

(डॉ. प्रिया बलराम शर्मा)
उपायुक्त-द्वितीय

क्रमांक : रास्कूशिप/गुणवत्ता शिक्षा/विद्यालय अवलोकन/2018/ 11942 दिनांक : 12/2/19

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर ।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर ।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, RSCERT, उदयपुर।
5. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम एवं द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
7. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समसा, समस्त ब्लॉक।
8. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
9. कार्यालय प्रति।

www.rajteachers.com

उपायुक्त-द्वितीय